## **भा.कृ.अनु.प.-भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, खंडवा रोड, इन्दौर-452001**

**फ़ाइल् क्रमांक. प्रेस नोट/प्रेस व पब्लिसिटी/2022/50**

## ***भा.कृ.अनु.प – एन.ए.ए.आर.एम् की कृषि नवाचार इकाई a -IDEA के मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, इंदौर का दौरा***

जैसा की सर्वविदित है कि देश के युवा बहुत ऊर्जावान और सक्षम हैं, लेकिन उनके उत्साह और ऊर्जा को अक्सर सही दिशा नहीं मिलती है। इसके लिए, भारत सरकार ने उद्यमियों को शुरुआती चरण के स्टार्टअप को विकसित करने, इनक्यूबेट करने और प्रतिस्पर्धी उद्यम बनने के लिए उनकी क्षमताओं को ओर बढ़ाने में मदद करने के लिए टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेशन (TBI) की एक योजना शुरू की है। ऐसे ही एक इनक्यूबेटर "ए-आइडिया" का संचालन आईसीएआर-राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रबंधन अकादमी (एनएएआरएम) में किया जा रहा है, इस योजना के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एस. सेंथिल विनायगम ने 24 सितंबर 2022 को भाकृअनुप-भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान का दौरा किया। इस दौरे पर उनके द्वारा एक परिचर्चा सत्र आयोजित किया गया, जिसमें वैज्ञानिक, तकनीकी कर्मचारी और युवाओं (जेआरएफ, एसआरएफ और वाईपी) ने भाग लिया। डॉ विनायगम ने बताया कि "ए-आइडिया" परियोजना के माध्यम से 'नार्म' युवाओं को कृषि के क्षेत्र में अभिनव व्यवसाय के लिए मार्गदर्शन और वित्त प्रदान कर रहा है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे ऐसी योजनाओं का भरपूर लाभ उठाएं और अपना खुद का व्यवसाय स्थापित कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनें। इसके साथ ही उन्होंने संस्थान के एग्री-बिजनेस इनक्यूबेशन (एबीआई) केंद्र का भी दौरा किया और टोफू (सोया पनीर), सोया कुकीज, सोया नमकीन, और बीज उपचार के लिए तरल माइक्रोबियल फॉर्मूलेशन जैसी चल रही गतिविधियों पर एक संक्षिप्त जानकारी ली। इसके साथ ही, उन्होंने एबीआई केंद्र के कुछ इनक्यूबेट्स के साथ भी बातचीत की और कृषि-व्यवसाय के अवसरों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए उन्हें अपने उत्पादों के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल के प्रभावी उपयोग के लिए संस्थान के अभिनव प्रयासों की विशेष रूप से सराहना की।

..............................................................




What is mean by startup?
s a company typically in the early stages of its development.


Ecosystem